भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 627

03 दिसंबर, 2025 के लिए प्रश्न

भारतीय खाद्य निगम का भंडार

627. श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पिछले पांच वर्षों में भारतीय खाद्य निगम के भंडार में हुए खाद्यान्नों के नुकसान का आकलन किया है;

(ख) यदि हाँ, तो नुकसान का मूल्य सहित राज्य-वार, विशेषकर दादरा और नगर हवेली में वर्ष-वार, खाद्यान्नों-वार और भारतीय खाद्य निगम के गोदाम-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) पर्याप्त संख्या में भारतीय खाद्य निगम के गोदाम न होने के कारण हुए खाद्यान्नों के नुकसान का ब्यौरा क्या है और भविष्य में ऐसे नुकसान को रोकने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री
(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)

(क) और (ख): जी हाँ। सरकार ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के भंडार में खाद्यान्नों को हुए नुकसान का आकलन किया है। पिछले पाँच वर्षों में क्षतिग्रस्त खाद्यान्नों का वर्ष-वार और राज्य-वार विवरण निम्नानुसार है:

(आँकड़े टन में)

क्षेत्र	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25
बिहार	5	41	22	0	0.56
झारखंड	12	10	20	24	0
ओडिशा	1445	3	0	9	0.02
पश्चिम बंगाल	79	179	0	0	0.14
असम	28	7	0	0	0
एनईएफ	0	15	59	0	0
दिल्ली	34	62	13	0	2.83
हरियाणा	0	0	0	2511	0
जम्मू एवं कश्मीर	8	261	248	0	0.09
पंजाब	25	100	264	7746	91.04

...2/-

राजस्थान	84	63	136	6	1.02
उत्तर प्रदेश	69	78	47	2	2254.32
उत्तराखंड	0	592	0	0	0
आंध्र प्रदेश	0	28	0	0	2.44
तेलंगाना	0	0	0	2	484.74
केरल	14	92	20	0	18.82
कर्नाटक	8	1	0	0	0
तमिलनाडु	0	0	0	7	3001.39
गुजरात	34	21	87	23	13.27
महाराष्ट्र	0	140	713	18	1985.68
मध्य प्रदेश	0	0	0	0	1.83
छत्तीसगढ	6	0	0	0	0

(आकड़े पूर्णांकित)

पिछले पांच वर्षों में क्षतिग्रस्त खाद्यान्नों के मौद्रिक मूल्य सहित मद-वार विवरण निम्नानुसार है:

वर्ष	वस्तु	क्षतिग्रस्त खाद्यान्न की उपार्जित मात्रा (लाख टन में)	उठान की मात्रा (डीसीपी राज्यों को छोड़कर)	उठान के लिए क्षतिग्रस्त खाद्यान्न का %	मूल्य करोड़ (रु. में)
2020-21	गेहूं	0.01	323.92	0.002	0.64
	चावल	0.01	364.64	0.004	2.13
2021-22	गेहूं	0.006	445.948	0.001	0.73
	चावल	0.011	320.133	0.003	1.78
2022-23	गेहूं	0.004	260.334	0.001	0.46
	चावल	0.012	415.492	0.003	2.06
2023-24	गेहूं	0.0564	246.784	0.023	6.688
	चावल	0.0470	223.935	0.021	7.796
2024-25	गेहूं	0.0067	195.187	0.003	0.814
	चावल	0.0718	259.550	0.028	13.059

दादरा और नगर हवेली में एफसीआई का कोई गोदाम नहीं है।

(ग): एफसीआई गोदामों की कमी के कारण केंद्रीय पूल का कोई भी खाद्यान्न क्षतिग्रस्त नहीं हुआ।

*****